गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

‘प्रत्यग्र’ फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 16 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में वेटरिनरी सोसाइटी द्वारा ‘प्रत्यग्र’ नवागंतुक छात्र स्वागत कार्यक्रम का आयोजन डा. रतन सिंह ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप से अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं विश्वविद्यालय गीत से हुआ। इस वर्ष विभिन्न प्रदेशों यथा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडु, केरल एवं पश्चिम बंगाल से लगभग 104 नवागंतुक विद्यार्थियों ने पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश लिया है। कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों द्वारा अपना परिचय दिया गया एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर शरीर रचना में सर्वश्रेष्ठ आर्टिकलेशन हेतु पूर्व प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद एवं डा. ए.एस. जीना द्वारा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वेटरिनरी सोसाइटी द्वारा डा. मीना मृगेश (स्टाफ काउंसलर) के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में डा. ए.के. उपाध्याय, डा. एस.पी. सिंह, डा. निधि अरोरा आदि संकाय सदस्यों के अलावा सोसायटी के ऋतिक सेलवान, देवाशीष, ईशान, मीमांसा, आयुषी आदि मौजूद थे।

1. कार्यक्रम का शुभारम्भ करती कुलसचिव डा. दीपा विनय।